कड़ाई से पालन सरकार करे । सरकारी नौकरियों में जिस तरह से प्रावधान है मेडिकल लीव का, केजुअल लीव का या दूसरी जो सुविधाएं हैं वे इन घरेलू नौकरों को भी मिलनी चाहिएं क्योंकि वे भी इस देश के नागरिक हैं । वे भी मानव हैं । उनकी गरीबी ने, उनकी बेरोजगारी ने उनको विवश कर दिया है घरेलू नौकर के रूप में रहने के लिए । उनकी भी रिटायरमेंट एज फिक्स होनी चाहिए, पेंशन की व्यवस्था होनी चाहिए और इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए जिसमें सरकार का भी योगदान रहे । पेंशन में मालिक का भी योगदान रहे और उसकी रिटायरमेंट के बाद जब वह 58-60 साल का हो जाए तो उसके बुढ़ापे की जिन्दगी गुजारने की गारण्टी हो सके । घरेलू नौकर अगर अपने मालिक के घर पर सेवा काल में ही काम करते किसी तरह से अपंग हो जाए, दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो जैसे सरकारी नौकरियों में व्यवस्था है उसी तरह से इनके लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि यहां तो इनको घर से बाहर ही निकाल दिया जाता है क्योंकि वह काम करने के योग्य नहीं रहता है तो इस संबंध में सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए और ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि उस आदमी का जीवन-यापन हो सके । आप घड़ी की तरफ देख रहे हैं... (व्यवधान)

**उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय)** : मैं आपके लिए नहीं देख रहा हूं ।

**श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी** : वेदना की बात कर रहे हैं... (व्यवधान)

**श्री ईश दत्त यादव** : वेदना तो व्यक्त कर ही रहा हूं । स्वामी जी आप तो बड़े आदमी हैं । आपको गांव के गरीब लोगों के बीच रहने का अवसर नहीं मिला है इसलिए आप वेदनाएं नहीं समझते हैं इसलिए मैं मजबूर था । माननीय सुब्रह्मण्यम स्वामी जी का आभारी हूं कि जो मैं बातें कर रहा था उसको वह गंभीरता से सुन रहे थे ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय)**: वह भी बोलने वाले थे लेकिन आप उन्हें मौका नहीं दे रहे हैं ।

**श्री ईश दत्त यादव** : मैं वेदनाओं के संबंध में अपने विचार प्रकट कर रहा था । नयी सरकार के सामने बहुत समस्यायें हैं । मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे नेता और देश के प्रधान मंत्री के नेतृत्व में सरकार जनहित की ओर क्रांतिकारी कदम उठायेगी । देश की अनेक समस्याओं का जिससे यह देश ग्रस्त है, पीड़ित है उनका निराकरण जल्दी से जल्दी होगा । राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख कर दिया गया है...

**उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय)** : अब आप स्थान ग्रहण करिये अगली तारीख को जारी रखिये ।

**श्री ईश दत्त यादव** : आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

---

**5.00 P.M.**

**THE CRIMINAL LAW AMENDMENT (AMENDING) BELL, 1989^—Contd.**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA): Now, we will take up the Criminal Law Amendment (Amending) Bill, 1989. Shri Mirza Irshadbaig.

**श्री मीर्जा इर्शाद बेग** (गुजरात) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो विधेयक आज इस सदन के सामने लाया गया है, मुझे खुशी है कि यह विधेयक मेरी सरकार ने इससे पूर्व प्रस्तुत किया था और इसकी भावनाओं के साथ सम्पूर्णतः मैं अपने आपको सहमत करता हूं । इस देश के समक्ष जो प्रश्न हैं उनमें सबसे अधिक अहमियत रखने वाली कोई बात है तो मैं यह कहना चाहता हूं कि चाहे हम किसी भी दल में विश्वास करते हों, किन्हीं भी नीतियों में विश्वास करते हों, हम सब भारतीयों के लिए देश की एकता और देश की भौगोलिक सीमाओं की रक्षा और इस देश की स्वतंत्रता हमारे लिए सबसे अग्रतर वस्तुएं हैं जिनकी हिफाजत के लिए हम लोग सदा सर्वदा तत्पर हैं ।

[श्री मीर्जा इर्शाद बेग]

जब जब भी इस देश के सामने सुरक्षा का सवाल आया है तब-तब भारतीयों ने अपनी दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर इसकी सुरक्षा के लिए काम किया है और अपना बलिदान तक दिया है। ऐसी स्थिति में जो विधेयक आज सदन में लाया गया है उसका तात्पर्य यह है कि देश में और देश के बाहर कुछ ऐसी ताकतें काम कर रही हैं, कुछ ऐसी शक्तियां काम कर रही हैं, जो हमारे देश की भौगोलिक व्यवस्था है उस व्यवस्था को उस ढंग से देखना नहीं चाहती हैं। उनको यह मालूम नहीं है कि देश का यह भौगोलिक मानचित्र बनाने के लिए वर्षों पूर्व जब इस देश पर विदेशी शासन था उसको हटाने के लिए इस देश के प्रत्येक नागरिक ने अपना बलिदान दिया है। इस धरती पर उन हजारों और लाखों नागरिकों का लहू गिरा है, वह ऐसी क्रांति थी जिसने हमारे देश की हो नहीं, बल्कि समग्र विश्व को एक मिसाल दी। वह ऐसी क्रांति थी जो शांतिमय थी और उस क्रांति के माध्यम से हमने विदेशियों को यहां से भगाया। इस देश का आज जो भौगोलिक मानचित्र हमारे सामने प्रस्तुत है उसको हमने भारतीय लोगों के हाथ में और भारत के नेतृत्व के हाथ में सौंपा है। इससे पूर्व हमारी जो सरकार थी उस सरकार ने इस बात को ध्यान में रखते हुए कि हमारे इस भौगोलिक मानचित्र के समक्ष अगर कोई भी व्यक्ति या कोई भी देश गलत इरादे से देखने की चेष्टा करता है तो उनके खिलाफ कदम उठाने के लिए, उनको कानूनी परिधि में लाने के लिए यह कानून लाया गया है। इसका मैं समर्थन करता हूं और मेरी पार्टी भी इसका सम्पूर्ण समर्थन करती है। मान्यवर, इसके कई कारण और उदाहरण हैं। इसके पूर्व भी कई बातें इस देश के सामने आईं, इस देश की सरकार के सामने आईं। इसके पहले भी कई उदाहरण हमारे सामने आये हैं मान्यवर। अमेरिका का जो मैग्जीन न्यूज वीक है उसने ऐसे मानचित्र प्रस्तुत किये थे जिनमें यह बताया गया था कि भारत में जो काश्मीर का अक्षाइ चिन इलाका है उसकी जो बाउन्ड्रीज है उनको उन्होंने बताया था कि वह चीन की सीमा है। इतना ही नहीं मान्यवर, और भी चेष्टायें उसके अंदर की गई थीं और उसका जो दूसरा हिस्सा था उसको डेस्प्यूटेडलैंड के अंदर बताया गया। इतना ही नहीं, तमिलनाडू से निकलनेवाली ईगल डायरी हाउस जो पत्रिका है उसने भी मान्यवर ऐसे मानचित्र दिये थे जिनमें हमारी जो सीमायें हैं उनको डेस्प्यूटेड लैंड में बताया गया था। उसका एक हिस्सा, जो हमारा हिस्सा है उसको चीन के अंदर बताया गया था। मान्यवर, उस वक्त मेरी सरकार ने तमिलनाडु सरकार के समक्ष आपत्ति उठाई और उस पर कार्यवाही करने के लिये भी कहा। इतना ही नहीं, रूस की भी एक एजेंसी थी। उसने भी एक मानचित्र प्रस्तुत किया था। उस वक्त इस पर हमारी सरकार ने आपत्ति उठाई और मुझे यह कहते हुए हर्ष होता हैं मान्यवर कि जब रूस का ध्यान इस तरफ दिलाया तो रूस ने इस पर अपना खेद व्यक्त किया और कहा कि अगर कोई ऐसी घटना है, जो सीमा भारत की है अगर उसको किसी और देश की सीमा बताया गया है तो हमें इसका खेद है और इस भूल को हम सुधारेंगे। इतना ही नहीं, यदि आवश्यक हुआ तो हम अपने देश के कानूनों में परिवर्तन करेंगे। डेस्प्यूटेड लैंड जो दिखाया गया था उसके बारे में भी उन्होंने कहा था कि यदि उसमें कोई गलती है तो हम उसमें सुधार करेंगे। अगर आवश्यक हुआ तो हम अपने देश के कानूनों में परिवर्तन करेंगे। लेकिन ऐसा आश्वासन अमेरिकी सरकार ने मान्यवर, हमको कभी नहीं दिया और इस तरह की प्रक्रिया चलती रही, इस तरह के गलत मैप निकलते रहे हैं। मान्यवर, हमारे देश का जो जम्मू और काश्मीर राज्य है उसकी जो सीमायें हैं, मान्यवर वे भारत के अन्तर्गत हैं और वह भारत का अक्षुण्ण अंग हैं। विदेश की कोई ताकत, विदेश की कोई शक्ति इसको अगर किसी और के साथ बताने की चेष्टा करेगी तो मान्यवर मैं यह कहता हूं कि इस देश का प्रत्येक नागरिक उसके खिलाफ अपनी आवाज उठायेगा। यह जो दंड संहिता के अन्तर्गत प्रावधान रखा गया है, मैं इसका समर्थन करता हूं। इस देश में यदि हमको रहना है, अगर इस देश के नागरिक

हम अपने आप को स्वीकार करते हैं तो मान्यवर हमें इस देश की रक्षा के साथ, इस देश की सुरक्षा के साथ अगर कोई गड़बड़ी करने की चेष्टा करता है तो उसके खिलाफ हम आवाज उठायें मान्यवर, देश में परिवर्तन आया है और नई सरकार ने अपना स्थान ग्रहण किया है। मैं कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र की प्रक्रिया में ही ऐसा हो सकता है। लोकतंत्र की प्रक्रिया और उसकी व्यवस्था के अन्तर्गत ही इस तरह का बदलाव हो सकता है। यह बदलाव आया है। लोगों ने अपना आदेश दिया और उस आदेश को मानकर ही हम चलते हैं। लेकिन, शासन में जो भी हों उनको इस बात का ध्यान रखना होगा कि आज इस देश के सामने कई प्रकार की चुनौतियां हैं। इस देश के अन्दर कुछ ऐसे तत्व हैं और इस देश के बाहर कुछ ऐसे तत्व हैं जो इस देश की सुरक्षा को खंडित करना चाहते हैं, इस देश की एकता को खंडित करना चाहते हैं। जिस तरह कश्मीर की बात उठाई गई थी, वहां पर जिस तरह से अलगावादी ताकतें सर उठा रही हैं उनको कुचलने के लिए हमें चाहिये कि हम अपनी दलगत राजनीति को भुलकर जो भी सरकार वहां पर है उसको अपना समर्थन दें और वहां पर जो देश के खिलाफ आवाज उठाई जा रही है उसको कुचलने में हम वहां की सरकार को सहयोग दें ताकि वह ऐसी ताकतों को कुलचने में सक्षम बने। आज एसी परस्थिति का निर्माण हुआ है तब मुझ यह कहना है कि आज की ऐसी नाजुक परिस्थिति में चाहे वह पंजाब कर्ज मसला हो चाहे काश्मीर का मसला हो तब हमें यह चाहिये कि हम ऐसी परिस्थिति का निर्माण करें कि जिससे हमारे जो भी साधन उपलब्ध है उन साधनों के साथ हम पूरी ताकत के साथ ऐसे तत्वों के खिलाफ लड़ सकें। मुझ यह कहते हुए क्षोभ होता है कि आज एक राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार आई है चूंकि एक लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के आधार पर यह सरकार आई है तब हम ने यह स्वीकार किया है हम इस देश में इस देश के दोनों उच्च सदनों के अन्दर विरोध पक्ष की भूमिका हम निभायेंगे और हमने समर्थन भी दिया है जहां जहां आप महात्मा गांधी की नीतियों पर और पंडित जवाहरलाल नेहरु के बताए हुए रास्ते पर चलते रहेंगे हमारा पूर्ण सहयोग और समर्थन उनको मिलता रहेगा लेकिन मैं उनको आगाह करता हूं कि आप जिनका समर्थन लेकर बैठे हैं आप जिस बसाखी के साथ बैठे हैं उस बैसाखी के एक कोने के साथ ऐसी ताकत भी मिली है कहीं गलती से भी वो लोग आपको इतना कमजोर न बना दें कि आप देश की रक्षा न कर सकें। आप देश को तोड़ने वाली जो ताकतें है उनके साथ कहीं परीक्ष रूप से भी उन के सहभागी न बन जाएं। मान्यवर, आज उनको सहयोग देने वाली जो पार्टी है वह राइटिस्ट पार्टी है उस पार्टी ने भी जो काश्मीर के बारे में एक बात चलाई है। मैं यह कहता हूं कि आप उसको गम्भीरतापूवक लें एक राज्य की जनता के पास जो संवैधानिक अधिकार के अन्तगत अधिकार हैं जो वचन राष्ट्र के नेताओं द्वारा उनको दिया गया था उसके साथ अगर कोई भी खिलवाड़ करता है. वह हमारा सरहदी प्रान्त कमजोर बनता है वहां ऐसी ताकतें पनपेंगी जो ताकतें इस देश को तोड़ने में अपनी पूरी ताकत से लगी हुई हैं इस देश को कमजोर करने में लगी हुई हैं। जिस ढंग से इस बिल को यहां पर लाया गया है मैं उसका समर्थन करता हूं। अगर इसी तरह से चलते रहे तो मैं आशा करता हूं कि मैं भी यह मानने के लिए कायल हो जाऊंगा कि आप भी हमारी तरह इस देश को सक्षम रखने के लिए, मजबूत राष्ट्र बनाने की दिशा में कदम बढ़बढ़ाने के लिए चेष्टा कर रहे हैं और आगे बढ रहे हैं। मैं आपको आगाह करता हूं कि यह एक लोकतान्त्रिक बदलाव होता है। पांच वर्ष के बाद इस देश की जनता अपना फैसला सुनाती है। जो भी फैसला आता है चाहे हम किसी भी दल के साथ हो उसको हमें मंजूर करना होगा। लेकिन हमें यह देखना है कि हमारे सामने जो चुनौतियां हैं इस देश के सामने जो चुनौतियां हैं वह किसी एक पक्ष के सामने कोई चनौती

[श्री मीर्जा इर्शाद बेग]

नहीं है इस देश की सुरक्षा के सामने जो चुनौती है उनका मुकाबला हमें करना है, दलगत राजनीति से ऊपर उठ करके विचार करना होगा । मैं आपको आगाह करना चाहता हूं कि देश की कुछ ऐसी ताकतें लगी हुई हैं विदेश की कुछ ऐसी ताकतें लगी हुई हैं वह नहीं देख सकती हैं कि यह देश इतना मजबूत राष्ट्र बने जो न सिर्फ इस देश को सही मायने में नेतृत्व दे बल्कि विश्व में तीसरी दुनियां के नेता की हैसियत से इतना मजबूत बन सके जो कभी सुपर पावर्ज को भी चुनौती दे सके । जो भावना इस बिल के अन्तर्गत लाई गई है मैं इसका सम्पूर्ण समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि इसी प्रकार से यदि आगे बढ़ते रहेंगे तो इस देश का समर्थन आपके साथ रहेगा हमारी पार्टी का समर्थन आपके साथ रहेगा क्योंकि हमने तो पहले से कह दिया है । यह बात अलग है उनके सहयोग से जो बैठे हैं उन्होंने जो सपोर्ट दी है वह तो उन्होंने क्रिटिकल कहा उन्होंने आलोचनात्मक सहयोग देने की बात कही है लेकिन हमारा जो सहयोग है हमने यह कहा है कि जब तक आप हमारी नीतियों से संबंधित बातें लाएंगे हमारा रचनात्मक सहयोग आपके साथ रहेगा पोजिटिव सहयोग आपके साथ रहेगा । यह फैसला आप पर है कि आप किन लोगों को किस ढंग से समझ सकते हैं । लेकिन उनके भूतकाल को आप जानते हो तो आप सचेत रहिये । हम तो सक्षम विपक्ष की भूमिका निभायेंगे लेकिन कहीं आपके साथ बैठने वाले जो लोग हैं वह लोग आपको ज्यादा कमजोर कर के पहले की जो भूमिका उन लोगों ने बनाई थी उस भूमिका पर आप को न आना पड़े । इसके लिए मैं यह कहता हूं कि आपका जो सहयोग है समर्थन है वह समर्थन आपकी उन नीतियों के साथ रहे जो इस देश की एकता के साथ और अखण्डता की रक्षा करे । आपका जो दृष्टिकोण है वह आप शासन के साथ-साथ जो भी आप नीति, नियम और कानून लाने वाले हैं उसका एक प्रतिबिम्ब सामने आए । इस प्रकार की व्यवस्था अगर करवायेंगे मैं तो आशा करता हूं कि इस देश में कोई बदलाव आयेगा और इस देश में उन्हीं लोगों को पसंद किया है जो इस देश को आगे बढ़ाने में सक्षम होते हैं । कहीं ऐसा न हो जाये कि जो अलगाववादी ताकतें हैं वे पिछले दरवाजे से आपके साथ आकर आपको और इस देश को कमजोर करने की चेष्टा करें । मैं आपको आगाह करता हूं कि वे ताकतें जो देश को तोड़ने वाली ताकतें हैं वे आज भी कहीं कहीं इस देश की व्यवस्था में आने के लिए तैयार हैं । मैं आपके माध्यम से आपको याद दिलाना चाहता हूं कि कई मौके ऐसे आये थे पिछली सरकार के सामने कि इस देश को तोड़ा जा सकता था लेकिन हमने कभी भी इन ताकतों के साथ किसी सूरत में समझौता नहीं किया, चाहे इनसे हमको राजनैतिक लाभ होना था । हमने कभी भी इन नीतियों और ताकतों के सामने घुटने नहीं टेके हैं मेरी पार्टी के नेता राजीव गांधी ने भी उस सदन में कहा है और खुलेआम इस देश की जनता को भी कहा है कि हम इस बदलाव को स्वीकार करते हैं और जब तक इन नीतियों के साथ आप रहेंगे हमारा सम्पूर्ण समर्थन आपके साथ रहेगा लेकिन जहां-जहां हमें यह महसूस होगा कि यह गलत हो रहा है और इस देश के लिए या देश के लोगों के लिए कोई गलत बात है तो उस पर हमारा सपोर्ट आपको हरगिज नहीं मिलेगा । मैं आशा करता हूं कि आप सोच समझकर जो भी कदम लेंगे वे इस देश की एकता, अखंडता और इस देश की लाखों, करोड़ों जनता के हित में होंगे जिनको इस राष्ट्र और इसके शासन से आशा और अरमान हैं उनको ज्यादा से ज्यादा अपना विकास करने का अवसर मिलेगा ।

मान्यवर, दलगत राजनीति से उठकर काम करें । कहीं एसा न हो कि पिछली सरकार ने जो भी कार्यक्रम चलाये हैं, जो जनहित के कार्यक्रम हैं, सिर्फ एक

राजनैतिक पूर्व भूमिका को देखते हुए उनको उल्टा करने की कुचेष्टा की जाये। इसकी तरफ मैं आपको लाल बत्ती दिखाने की चेष्टा कर रहा हूं।

इन्हीं शब्दों के साथ आज जो यह विधेयक लाया गया है मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से इसको सम्पूर्ण समर्थन देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी आप इन ताकतों और जो चुनौतियां इस देश के सामने हैं उनसे पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे और इस देश की एकता, सुरक्षा और अखंडता को तथा इस देश को सक्षम बनाने की दिशा में आप सर्वथा प्रयास करते रहेंगे। धन्यवाद।

SHRI RAM JETHMALANI (Karnataka): Respected Chairperson, Sir. after the very constructive, very sober and very thoughtful speech of Mirza Sahib I don't think there really remains much to be said, but two observations are very necessary. One. that we must frankly acknowledge that this is the contribution of the wisdom and experience of the previous Government and we are gratefully borrowing it, we are gratefully using it and I am sure the legislation will have socially beneficent results and it will have the results which Mirza Sahib had in mind and once those results are achieved, the credit wil] go to the previous Government and we shall have, j hope, the generosity of heart to acknowledge for all times. II think the Government now in power will willingly take note of the hopes, expectations and aspirations which Mirza Sahib expressed and we will certainly try and honour them. I am very happy that constructive cooperation has been promised, not once but many more times, and we gratefully acknowledge it, we gratefully accept it and we hope that the Opposition will also continue *to* perform its role of criticising us keeping us on an even keel and we will welcome all legitimate criticism including pungent criticism at times.

j It is in that spirit that we hops we J will continue to work in this House end we shall certainly enhance the dignity as well as the efficacy 0/ this I great institution which, r think we must in all fairness acknowledge has suffered a little setback in the past. And, Sir, let us all now strive to put J: on a proper level and I *am* very glad that Mirza Saheb has said whatever he has said.

Sir, while heartily recommending this Bill for adoption as an exclusively non-controversial measure, I suggest that there are a couple' of limitations which must be borne in mind.

Firstly, our Indian legislature has not assumed to itself extra-territorial powers of legislation. Therefore, do not expect that under this law you will be able to punish foreigners who commit offences outside the territorial borders of India. This kind of actions or offences will have to be met by proper diplomatic action and proper action under the existing international law and international mechanisms that are available in civilized societies. So, let us not sort of pin too much hope on this legislation because, if there are mischievous elements abroad, who wish to misrepresent our territorial borders and frontiers and question the territorial Integrity of India; those elementg or those forces will have to be combated under the normal international procedures which are available in international societies.

Sir, actually, — this is somewhat a disturbing fact — the present subclause (2) of clause 2, which is included here seeks to create a new offence and the new offcence which is sought *to* be created is already mort or less covered by the first clause except what the law has called as *mens tea* part. If the men* *rea* part exists, then it will fall under sub-clause (IT and we wil! punish with imprisonment for three years,

[Shri Ram Jethmalani]

the higher of the two penalties. But, without that *mens rea* part: it is punishable with imprisonment up to six months Or with fine or both. But there can be cases of inaccurate representation of maps, but innocent misrepresentation of facts, and, therefore, some kind of frivolous prosecutions are possible under the wide scope of this statute and the Statement of Objects and Reasons makes it very clear that *mens rea* is not required at all, guilt is not required at all for this offence to be committed. Therefore, I hope that frivolous prosecutions which are counter-produc'-tive at all times, will be taken care of by the provision which says, "No court shall take cognizance of those offences except on a complain-t by the Government itself.", and a responsible Government will see to it that frivolous and malicious prosecutions are not launched and innocent people who unwittingly come within the clutches of this very same broad law are not unnecessarily harassed.

With these observations, Sir, I once again wish to compliment the previous speaker and I recommend that this "may be adopted as a non-contro-versial measures without making any further speeches and even without utilising the one hour which you Mve kindly allowed us. Thank you, Sir.

SHRI SHANKARRAO NARAYAN RAO DESHMUKH (Maharashtra): Sir, I rise to support this Bill.

Sir, it is a very heartening fact that the previous speaker has admitted, that the previous Government was trying sincerely to bring forward this sort of legislation. Every country must have some broad features special features. Every country must have a land of its own, must have got a language or languages of its own and every country must have got a culture of its own. So, when we speak of the land, there are certain boundaries and those Boundaries indicate the ownership of that particular country. In this Bill, it is anticipated that at certain times, false or frivolous maps may he prepared and may be circulated. Then the question arises as to what these maps are or what kind of maps can be called false. The word map is nowhere defined and it is not defined either in the General Clauses Act or in the p'resent Act which we are amending now. Therefore, we shall have fo take care to specify it. This is not one suggestion because these maps are the symbols of unity, integrity and sovereignty of a particular country, and, therefore if we have not got that specified, .if we have not got it in a specified way, it will create confusion. Therefore I say that the term "maps" may be denned somewhere in the text of this Bill.

Secondly, I would like to say that essentially we are going through a process of fast change in all aspects of life. But we are having changed circumstances also. Everyday the political atmospher is changing very fast in nations. There are so many instances. There are so many examples indicating that on so many occasions false maps were prepared and circulated with a purposeful mischievous intention to harm the integrity and sovereignty of the country. I know certain cases when a World Hockey Cup was inscribed showing that Jammu and Kashmir does not form a part of India. On some diaries also maps were shown excluding Jammu and Kashmir. I do not have the name of that particular diary. These are the mischievous attempts madp with the sole purpose of harming the integrity and sovereignty pf this country. Therefore, I say that in the present circumstances, in the changed circumstances when aggressions are being started in the world, we have to take care of these things and save ourselves from all these happenings. If we want to protect our country, we have to take care of all these matters specifically.

Now I will come to Clause 2 of this Bill. Clause 2 says: "Whoever publishes a map of India". It connotes that the publishing may be here or somewhere else, but it will cover all the offences irrespective of caste creed and nationaity. That is the intention behind using the words "whoever publishes the map of India". The intention of the legislation is to include all the nationalities. I think it may include a person publishing a map even outside India. It may be extra-territorial. But when he publishes and circulates, it will cover that point. That is my thinking.

When you are doing it, why don't you make this offence a cognizable offence? It is said in Clause 2, Sub clause 03): "No court shall take cog nizance of an offence punishable un der Sub-sectson (2) except *on* a comp laint made by C-overnmemnt". The Government has been defined in Clause 23, Section 3. of the Clauses Act. It says:. "Government or the government shall include both the Central Government and any State Government." Again there will be confusion. Which court should prosecute? To whom the complaint should be filed? Who will be in charge of it. Therefore, T think that this terminology is not very satisfactory, Is has happened in the case of so many legislative draftings. T would Tike to hrinq to the notice of this august House these things which we experience in our practical dealing with the law.

Finally, it is said in the Statement of Objects and Reasons: "It was considered necesssty to make it an offence per *se* to publish a wrong map of India". Then it is very easy to make this offence as a cognizable offence. Therefore, taking into consideration all these facts as they stand and in the interest of the integrity and sovereignty of the nation, these suggestions may be considered. I support th? Bill. Thank you.

SHRI SUNIL BASU RAY (WEST BENGAL): Sir, I am thankful to you for giving me the opportunity to speak on this Bill which is small but very vital. It is vital for the defence of our territory, for the defence of our country's integrity and unity, and for further advancing the struggle against imperialism and other such forces. Our country has won independence and Statehood through decades of struggle of different shades — it was violent, it was non-violent: it was Mass, it was individual. And all classes of people of our country had participated in it. Now we are trying to build up our country as a viable country, as a strong country which can take account of the forces which are inimical to our existence, which are inimical to our development and do not wast India to prosper. We shall surely fight against them. We shall surely make our country impregnable and our defence very strong. That is why we want that there should not be any loophole through which the enemy can penetrate.

So, Sir, I support this Bill which has been brought to defend our counties territory, our country's boundaries. And, I think, that this Bill should be supported by the entire House, and it will further fidvance our struggle against imperialism and all divisive and secessionist forces.

Thank you, Sir.

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलवालिया** (बिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं क्रिमिनल ला अमेंडमेंट बिल, 1989 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । यह बड़े सौभाग्य की बात है कि यह बिल, जो कि हमारी सरकार ने अगस्त महीने में लोक सभा में पास किया था, उसको पारित करने के लिए आज सरकार ने यहां राज्य सभा में लाया है, इसके पीछे जो मकसद है वह पूर्व-वक्ताओं ने विशेष रूप से सदन के सामने रखा है । मैं महसूस करता हूं कि सदन के साथसाथ पूरे भारत के भारतवासी इस बिल का समर्थन करेंगे ।

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

उपाध्यक्ष महोदय, हमने देखा है कि किसी भी मुल्क को कमजोर करने के लिए जिन चीजों की जरूरत पड़ती है, उनमें एक बड़ी चीज का नाम होता है—विभ्रांति, यानी कन्फ्यूजन और विभ्रांति पैदा करने के लिए जो सबसे बड़ी जरूरत पड़ती है वह किसी भी परिवार के सदस्यों के नाम को बिगाड़ कर बताना या किसी मुल्क की चौहदी को, मुल्क के नक्श को बिगाड़ कर पेश करना। आज भारतवर्ष की तो बात छोड़िए, सारे विश्व में जहां भी एटलस मिलता है वर्ल्ड एटलस मिलता है उसके ऊपर एक छोटी सी रबर स्टेम्प लगती है—"नॉट फॉर सेल इन इंडिया", लेकिन उसके अंदर अक्षय-चीन, आजाद-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश का हिस्सा दूसरे-दूसरे मुल्कों में दिखाया जाता है। उपाध्यक्ष महोदय, बड़े अफसोस की बात है कि यू०एन०ओ० के माध्यम से भी जो नक्शे मिलते है, वहां पर भी यह गलतियां देखी गई है। में आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि यह कानून तो लागू हो जाएगा— मद्रास की ईगल-डायरी के ऊपर, यह कानून तो लागू हो जाएगा दिल्ली के चवाड़ी बाजार के छोटे-छोटे नक्शे बनाने वालों पर यह कानून हम उन पर कैसे लागू करेंगे जो सारे विश्व में यह नक्शा वेच रहे है? आज वह आजाद काश्मीर का हिस्सा दिखाते है, कल वह खालिस्तान का हिस्सा दिखाएंगे। आज जिसे उत्तर प्रदेश कहते हैं कल वह उत्तर प्रदेश न लिखकर उसको उत्तरा खण्ड दिखाएंगे। आज जिसे हम मध्यप्रदेश कहते है उसको वन प्रदेश बनाकर दिखाना शुरू करेंगे। आज जिसे हम बिहार कहते है उसको झारखण्ड बनाकर दिखाने की शुरुआत हो जाएगी। आज जिसे हम कूच बिहार और जलपाइगुड़ी कहते है, उसको कामतापुर कहकर नक्शा छापने लगेंगे। इन चीजों को रोकने के लिए इस कानून की जरूरत है और सख्त-से-सख्त हाथों से इस को इम्लीमेट करने की जरूरत है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों में ह्यूमन राइट्स की कांफरेंस अटेंड करने गया। वहां मैंने देखा कि एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्था ने जो अपनी बुक पब्लिश की है उसमें उन्होंने इंडिया के बारे में भी एक हिस्सा छापा है। उस में इंडिया का जो मैप बना हुआ था उसमें काश्मीर का हिस्सा ही नहीं था। बड़े दुख की बात है कि एमनेस्टी इंटरनेशनल जोकि अपने आपको ह्यूमन राइट्स का पायनियर मानती है, उसने इस तरह की एक विभ्रांति पैदा करने की कोशिश की है। उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसाकि जेठमलानी जी कह रहे थे मैं इन संस्थाओं के विरुद्ध इंटरनेशनल ला का समर्थन लेते हुए जो हमारे डिप्लोमैटिक कांटेक्ट्स होते हैं, जो एग्रीमेंट्स होते हैं, ट्रीटी होती हैं, उसके माध्यम से ऐसी कम्पनियों और संस्थाओं के खिलाफ हम क्या कार्यवाही कर सकते हैं, उसके बारे में विचार किया जाना चाहिए।

सिर्फ इतना ही नहीं जिस तरह से हमारे मुल्क में झंडा हमारा नेशनल सिम्बल है और झंडे को अगर कोई विकृत रूप में पेश करने की जुर्रत करे तो उस पर कड़ी-से कड़ी कार्यवाही होती है, उसी तरह से इस नक्शे को भी नेशनल सिम्बल बनाना चाहिए और नेशनल सिम्बल की जो लिस्ट है उस मे इंक्लूड करना चाहिए...

Is the map there?

SHRI RAM JETHMALANI: Yes, it is there.

SHRI S. S. AHLUWALIA: All right, then I withdraw my observations.

SHRI RAM JETHMALANI; It is called the National Emblems Act.

श्री सुरेंद्रजीत सिंह अहलुवालिया: यह एक चीज जाने का मौका मिला। मैं जहां तक जानता था सिम्बल लिस्ट में मैप नहीं आता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, देहरादून में हमारा जो सर्वे आफ इंडिया का आफिस है और वहां से जो मैप छपते हैं, कभी-कभी देखते में आता है कि उसके जो पुराने ब्लाक्स है, वह चोरी हो गए हैं और आज हम वह ब्लाक्स कहां से मंगा रहे हैं? उन्ही संस्थाओं से मंगा रहे हैं जिन्होंने हमारे भारत का नक्शा विकृत रूप में बनाया हुआ है।

मान्यवर, रीडर डाइजेस्ट एक वर्ल्ड एटलस निकालती है। उसके जो कसल्टेंट्स हैं या उसको जो मशविरा देते हैं, उसमें विश्व के जितने भी बड़े बड़े देश हैं, सब उसके सदस्य हैं। उसके बावजूद हमारा नक्शा गलत छापा जाता है। इसलिए ऐसी संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। मैं नहीं चाहता कि स्कूल्स के बच्चों के जो छोटे नक्शे बनाए जाते हैं, इस एक्ट के तहत उन पर कार्यवाही हो। लेकिन ये जो बड़े-बड़े संस्थान हैं जोकि मुल्क में विभ्रांति पैदा कर हिंदुस्तान के हिस्से को दूसरे मुल्क का दिखाते हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। अन्यथा एक दिन आएगा कि इंटरनेशनल कोर्ट आफ ला में यह दिखाया जाएगा कि यह नक्शा 1946 में छापा गया और उसमें तो काश्मीर हिंदुस्तान का हिस्सा ही नहीं है। तब इस तरह छोटे-छोटे हिस्से अलग कर के दिखाये जा रहे हैं। तो जैसाकि मैंने आपको कहा इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है यह जो दिन-प्रति-दिन मशरूम ग्रोथ हो रही है, एक-एक अंचल की डिमांड चल रही है, इस तरह के नक्शे बनने लगे हैं और कुछ मैगजीन्स में छपने लगे हैं। इस पर भी रोक लगाने की जरूरत है ताकि इस मुल्क के जब 50 फीसदी से भी ज्यादा अनपढ़ लोग हैं जोकि इन चीजों को नहीं जानते हैं, उन्हें इस तरह विभ्रांत कर गलत नक्शे को दिखाने की कोशिश न हो।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का पूरा समर्थन करते हुए आपको धन्यवाद देता हूं।

**श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान** (आन्ध्र प्रदेश) : जनाब वाइस चेयरमैन साहब, यह हुकूमत की जानिब से जो क्रिमिनल ला अमेंडमेंट (अमेंडिंग) बिल, 1989 पेश किया गया है, मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से इस बिल की भरपूर ताईद करता हूं।

जैसा कि आप अच्छी तरह जानते है कि हिन्दुस्तान की आजादी, उसकी सालिमियत और उसकी हिफ़ाजत हर शहरी का फर्ज है। चुनांचे, आजादी से पहले और आजादी के बाद हमारे मुल्क के लाखों जियालों ने अपने मुल्क की हिफ़ाजत और उसकी सालिमियत के लिए कुर्बानियां दी हैं। मगर इन्तहाई अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि मुल्क के अंदर और मुल्क के बाहर कुछ ऐसी ताकतें हैं जो अभी भी हिन्दुस्तान को नुकसान पहुंचाने के दरपे हैं और इसके लिए वे कोई भी लम्हा जाया करना नहीं चाहते। इसलिए वक्त की अहमतरीन जरूरत को पेशे नजर रखते हुए यह जो बिल लाया गया है, मैं समझता हूं कि इस बिल के पसपरदा जज्बा-ए-हुब्बुल वतनी और फिर ईसार और कुर्बानी का भी जज्बा है।

